FORM OF ORDER SHEET

**IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.**

L.D. Case No.- 168/2024

**Md. Jahid & Ors. ......................................................Appellants.**

**Versus**

**Sahid & Ors.…..................................................Respondents.**

| Serial No. | Date of order of proceeding. | Order with signature of the court. | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | **13.8.2025** | **आदेश**<br>यह अपील वाद भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता, बायसी द्वारा BLDR Case No. 88/2023-24 में दिनांक-05.8.2024 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। वाद अंगीकृत कर सुनवाई की गई। विपक्षीगण की ओर से जवाब दाखिल है। LCR प्राप्त है।<br>दिनांक-05.8.2025 को उभय पक्ष के Final Argument को सुना। तथा अभिलेख का अवलोकन किया। अपीलार्थी का अभिकथन वाद पत्र में अंकित है। विपक्षीगण का जवाब Reply/Rejoinder में अंकित है। विपक्षीगण की ओर से Written Note of Argument दाखिल है।<br>उभय पक्ष के Final बहस को सुनने तथा अभिलेख में रक्षित कागजातों- वाद पत्र, Reply/Rejoinder आदि तथा LCR के अवलोकन से यह स्थिति दृष्टिगत है कि अपीलार्थी द्वारा निबंधित केवाला द्वारा प्रश्नगत जमीन का क्रय किया गया है। जबकि विपक्षीगण का दावा है कि उनके द्वारा प्रश्नगत जमीन के क्रय हेतु पूरी राशि का भुगतान किया गया किन्तु निबंधित केवाला नहीं हो सका। सुनवाई में उपस्थापित कागजातों से यह स्थिति दृष्टिगत है कि अपीलार्थी द्वारा निबंधित केवाला के माध्यम से प्रश्नगत जमीन का क्रय किया गया है। जबकि इस बिन्दु पर विपक्षी का Self Admission है कि उनके पक्ष में निबंधित केवाला Execute नही हुआ है। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी का प्रश्नगत जमीन पर दावा/Right को विधिमान्य पाया जाता है।<br>निम्न न्यायालय के स्तर से उपरोक्त कानूनी एवं तथ्यात्मक बिन्दुओं को Overlook करते हुए अपीलाधीन आदेश पारित किया गया है। जो विधिसम्मत नहीं है। अतः तदनुसार अपीलाधीन आदेश को निरस्त करते हुए इस अपीलवाद को स्वीकृत किया जाता है।<br>आदेश की प्रति LCR के साथ निम्न न्यायालय को भेजें।<br>13/8/2025.<br>आयुक्त,<br>पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया<br>लेखापित एवं शुद्धित।<br>13/8/2025.<br>आयुक्त,<br>पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।<br>आयुक्त न्यायालय पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया | |